# मेट्रो सिटी

हिंदी दैनिक
**नागपुर मेट्रो समाचार**
नागपुर, शनिवार, 30 नवंबर 2024


## चोरों ने 3.41 लाख का माल उड़ाया



**नागपुर।** पारडी थानाक्षेत्र में एक बंद घर से अज्ञात चोरों ने 60000 रुपये नगद और सोने-चांदी के गहनों समेत 3,41,500 रुपये के माल पर हाथ साफ कर लिया.प्राप्त जानकारी के अनुसार, कापसी, पारडी निवासी कमलाकर हरिभाऊ गजभिये (39) दोपहर करीब 12.30 बजे घर पर ताला लगाकर जरूरी काम से बाहर गये हुए थे और करीब 2 घंटे बाद घर लौटे.

इसी बीच किसी अज्ञात चोर ने मेन डोर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी में रखी नगदी और गहनों समेत 3,41,500 रुपये के माल को चोरी कर लिया. दोपहर 2.30 बजे घर लौटने पर कमलाकर को चोरी का पता चला. तुरंत पुलिस को सूचित किया गया. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.



## अवैध टिकट दलाल गिरफ्तार

> 54 टिकट समेत 1.58 लाख का माल जब्त

**नागपुर।** नागपुर रेलवे सुरक्षा बल की एंटी टाउट टीम द्वारा 5 पर्सनल आईडी पर लोगों के लिए ट्रेन टिकट बुक करके कमीशन कमाने वाले अवैध दलाल को गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम यादवनगर, बिनाकी लेआउट निवासी शुभम कमलाकर सूर्यवंशी बताया जा रहा है. उसके पास से 4 लाइव व 48 पुरानी टिकटों, मोबाइल आदि समेत 1,58,701.70 रुपये का माल जब्त किया गया.

जानकारी के अनुसार, शुभम के मोबाइल से 5 अलग आईआरसीटीसी आईडी पर लगातार टिकट बुक की जा रही थी. आरपीएफ के एएसआई अश्विन पवार व मुकेश राठौर ने संदिग्ध के तौर पर शुभम को पत्राचार कर सीआईबी ऑफिस बुलाया गया. पुछताछ में शुभम ने अपना अपराध कबूल किया.

शुभम ने बताया कि वह आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट नहीं है. हालांकि उसके पास 5 पर्सनल यूजर आईडी है. शुभम का मोबाइल जांचने पास आईडी मिली जिनसे टिकटें बुक की जा रही थी. उसने बताया कि उसकी चिकन की दुकान है लेकिन इससे घर का खर्च नहीं निकल पाता है. इसलिए वह लोगों की मांग पर रेलवे टिकट किराये के अलावा कमीशन लेकर बुक करता है. उसके पास मिली आईडी उसकी स्वयं की है.

इसके अलावा उसने अपने दोस्तों के मोबाईल नंबर व ईमेल आईडी का प्रयोग किया है. उसने दोस्तों को बताया था कि वह रेल आरक्षण ई टिकट का वैध काम करता है. उसके दोस्तों को इस कालाबाजारी की भनक तक नहीं थी. उसके खिलाफ आरपीएफ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जारी है.

# पायलट की हुई सड़क दुर्घटना में मौत


तेज रफ्तार लैंड रोवर कार चालक ने मारी थी टक्कर

## >मानेवाड़ा रिंग रोड स्थित तपस्या स्कूल के पास की घटना

**नागपुर।**

निजी एयरलाइंस के पायलट की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. तेज रफ्तार लैंड रोवर डिस्कवरी कार ने बाइक पर घर लौटते समय पायलट को टक्कर मार दी थी, जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई. मृतक पायलट सैमुअल नरेंद्र त्रिवेदी (35) अर्थ हाइट, फ्लैट नंबर 102,न्यू आकाश नगर, हुड़केश्वर निवासी बताया जा रहा है. यह दुर्घटना मानेवाड़ा रिंग रोड स्थित तपस्या विद्यालय के सामने देर रात करीब 12:30 बजे के दौरान हुई. हालांकि इस दुर्घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से अपनी कर छोड़कर फरार हो गया था. जिसे बाद में थाने में आत्मसमर्पण कर दिया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार सैमुअल त्रिवेदी इंडिगो एयरलाइंस बेंगलुरु में पायलट के रूप में कार्यरत हैं.



सैमुअल अपने माता-पिता की इकलौती संतान था. उनके पिता नरेंद्र त्रिवेदी एक निजी कंपनी से रिटायर्ड हैं. बीती रात सैमुअल धंतोली में अपने मित्र से मिलने के बाद न्यू आकाश नगर स्थित अपने घर जाने के लिए अपनी बजाज अवेंजर गाड़ी क्रमांक एम एच 31 सीडी 3188 से निकले थे. इस दौरान मानेवाड़ा रिंग रोड स्थित तपस्या विद्यालय के सामने तेज रफ्तार लैंड रोवर डिस्कवरी कार क्रमांक डब्ल्यूबी 20 Z 5101 के आरोपी 63 वर्षीय चालक अरुण तुलसीराम प्रधान श्रीहरी नगर मानेवाड़ा रोड निवासी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. यह दुर्घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी है. दुर्घटना के समय कार चालक प्रिंसेस लॉन नरसाला से एक रिसेप्शन कार्यक्रम से कार में एक परिवार को छोड़ने शंकर नगर जा रहा था.

इस दुर्घटना के बाद कार चालक ने बिना किसी मदद के ही अपनी कार मौके पर ही छोड़ दी और वहां से भाग गया. बाद में इवनिंग वॉक के लिए निकले मुकेश सिंह ने अन्य नागरिकों की मदद से गंभीर रूप से घायल सैमुअल को अपनी कार में डालकर मेडिकल अस्पताल में दाखिल करवाया जहां 2 घंटे की जादोजहद के बाद सैमुअल की मौत हो गई.

हालांकि परिवार ने आशंका जाहिर की थी कि जो व्यक्ति पुलिस थाने में ड्राइवर के रूप में हाजिर हुआ है वह गाड़ी नहीं चल रहा था। साथ ही उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपी चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की भी मांग की है.

### आरोपी ने किया पुलिस थाने में आत्मसमर्पण

पुलिस की प्राथमिक जांच में 63 वर्षीय तुलसी प्रधान ही कार को चलाने का खुलासा हुआ है और इस दुर्घटना के समय कार में पांच महिलाएं और एक बच्चा तथा कार चालक मौजूद थे। शुक्रवार सुबह आरोपी अरुण प्रधान पुलिस थाने पहुंचा और आत्म समर्पण कर दिया. वह पिछले 7 से 8 सालों से ड्राइवर का काम करता है. यह कार गौरी पारधी के नाम से रजिस्टर बताई जा रही है. पुलिस ने कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और उसे गिरफ्तार कर आगे की जांच कर रही है.



## हर्षोल्लाष से मनाई बाबा ताजुद्दीन की छब्बीसवीं

**नागपुर।**

हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन की छब्बीसवीं शरीफ शुक्रवार को ताजाबाद दरगाह परिसर में हर्षोल्लाष के साथ मनाई गई. इस अवसर पर हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट की तरफ से विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए. सुबह सबसे पहले ट्रस्ट कार्यालय में दस्तारबंदी की गई और फिर दरगाह परिसर में सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में परचम कुशाई की रस्म अदा की गई. पश्चात सलातो सलाम पढ़ा गया. इसके बाद सामूहिक दुआ मांगी गई. इस अवसर पर प्रमुख रूप से हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र जिचकार, हाजी इमरान खान ताज़ी, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, मुस्तफाभाई टोपीवाला, बाबा ताजुद्दीन दरगाह खुद्दाम ट्रस्ट के अध्यक्ष सैयद मोबीन ताज़ी, ताजबाग शाही मस्जीद के इमाम खुर्शीद आलम उपस्थित थे.

छब्बीसवीं शरीफ के अवसर पर दरगाह परिसर में सूफियाना कव्वाली मिलाद शरीफ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए. लंगरखाने में श्रद्धालुओं को लंगर वितरित किया गया. छब्बीसवीं पर हजारों की संख्या में जायरीन शामिल हुए.



## 30 हजार प्लास्टिक पतंग जब्त

**नागपुर।** लकड़गंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्माल फैक्ट्री एरिया से शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक की 30,000 पतंग जब्त की गई. इसकी कुल कीमत 16,433 रुपये बताई जा रही है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 3.30 बजे पेट्रोलिंग टीम को सूचना मिली कि लिहीगांव, जबलपुर बाईपास स्थित एक दूकान में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पतंगें रखी गई है. यह दुकान आरोपी हेमंत यशपाल शर्मा (30) की है . सूचना मिलते ही पुलिस ने हेमंत की दुकान पर छापा मारा. पुलिस को वहां से 30,000 प्लास्टिक की पतंगें मिली. तुरंत ही सारा माल जब्त कर हेमंत के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की गई है.

## भू-कर मापक 4000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नागपुर।** एंटी करप्शन विभाग द्वारा भूमि अभिलेख कार्यालय में कार्यरत भू-कर मापक को 4000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. आरोपी का नाम वैभव महादेव तायडे (29) बताया जा रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजनगर निवासी शिकायतकर्ता को अपने खेत का भूमपान करवा कर नक्शे में सुधार करवाना था. यह काम जल्दी करने के लिए वैभव 5000 रुपए की रिश्वत मांग रहा था. हालांकि बाद में वैभव 4000 रुपए लेने के लिए मान गया लेकिन शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन विभाग को सूचना दे दी. एंटी करप्शन विभाग ने भू अभिलेख कार्यालय में फील्डिंग लगाई. जैसे ही वैभव ने रिश्वत की रकम ली वैसे ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

## इतवारी रेलवे स्टेशन परिसर में जनऔषधि केंद्र आरंभ

> अब यात्रियों को आसानी से उपलब्ध हो सकेगी दवा

**नागपुर.**

इतवारी रेलवे स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों को अब दवा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। हाल ही में यहां एक जनऔषधि केन्द्र शुरू किया गया है। जहां पर यात्रियों की जरूरत की दवाएं, उचित कीमत पर उन्हें मिलने वाली है। आम लोगों को सस्ती और विश्वसनीय दवाएं उचित कीमत पर मिलेगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने भारतीय जन





औषधि परियोजना शुरू की है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। फलस्वरूप इसे अब रेलवे स्टेशनों पर भी खोले जा रहे हैं। इसके तहत रेलवे स्टेशनों के कॉनकार्स या सरकुलेटिंग एरिया में लगभग 120-130 वर्ग फुट के क्षेत्र में जन औषधि केंद्र इसके लिए स्टोर को डिजाइन करने की जिम्मेदारी अहमदाबाद के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन को दी गई है।


## मनपा आयुक्त ने किया सीओसी का दौरा

**नागपुर।**

नागपुर महानगर पालिका शहर के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं को हल करने के लिए काम कर रही है. इसेक मद्देनजर मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी ने शुक्रवार को मनपा मुख्यालय में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी सिटी ऑपरेशन सेंटर यानि नागपुर स्मार्ट सिटी के सीओसी का दौरा किया. इस अवसर पर मनपा उपायुक्त प्रकाश वराडे, मनपा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग स्वप्निल लोखंडे मुख्य रूप से उपस्थित थे.

इस समय मनपा आयुक्त डॉ. चौधरी ने एक साल में नागपुर मनपाको मिली शिकायतों के बारे में जाना. बताया गया कि मनपा को पिछले वर्ष विभिन्न माध्यमों से 26,111 शिकायतें प्राप्त हुईं. जानकारी प्रस्तुत की गई कि मनपा की वेबसाइट से 15,735 शिकायतें, मनपा के 'माई नागपुर' ऐप से 7,453 शिकायतें, पार्कों के संबंध में 209 शिकायतें तथा विभिन्न सोशल मीडिया से 2,714 शिकायतें प्राप्त हुईं. आयुक्त डॉ.चौधरी को बताया गया कि प्राप्त शिकायतों में से 25,401 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है, जबकि 232 शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है.

शिकायतों के निवारण के लिए मनपा द्वारा एक विशिष्ट प्रक्रिया विकसित की गई है.



## एडमिशन के नाम पर 21.35 लाख की धोखाधड़ी

**नागपुर।** सक्करदरा थानाक्षेत्र में एक युवती द्वारा एमबीबीएस में एडमिशन के नाम पर 21.35 लाख की धोखाधड़ी किये जाने का मामला सामने आया है. आरोपियों के नाम श्रीकृष्णनगर, बेसा रोड निवासी डा.अतुल रमेशराव इंगोले (38) और हैदराबाद निवासी व्यंकट रेड्डी बताये जा रहे हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 वर्षीय पीडिता ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि डा.इंगले का रेशमबाग में पिपलिंग प्लेसमेंट प्राइवेट लिमिटेड नाम से एजेंसी का आफिस है. वहीं, रेड्डी स्वयं को बेलीज, अमेरिका स्थित कोलंबस सेंटर यूनिवर्सिटी को सीओ बताता है. पीड़िता एमबीबीएस कोर्स में एडिमशन चाहती थी. दोनों आरोपियों ने उसे अमेरिका को उक्त युनिवर्सिटी के तहत एमबीबीएस में एडिमशन का झांसा दिया. उन्होंने 4 जनवरी 2023 से 15 मई 2024 के बीच पीड़िता से 21.35 लाख रुपये भी लिये लेकिन एडमिशन नहीं करवाया.

इससे पीडिता के 2 वर्ष की पढ़ाई भी खराब हो गई मानसिक और आर्थिक रुप से परेशान पीडिता को अपने साथ धोखाधडी की बात समझ आते ही पीडिता ने रकम वापस मांगनी चाही तो आरोपी टालमटोल करते रहे. परेशान होकर पीडिता ने पुलिस में शिकायत की. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है.

## श्रीराम कथा की शोभायात्रा निकली

> महाप्रसाद का हुआ आयोजन

**नागपुर।**

2 नंबर नाका के खसाला में स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्रीराम कथा व ज्ञानेश्वर माऊली संजीवन समारोह का भव्य आयोजन मंदिर समिति की ओर से किया गया. श्रीराम कथा के समापन अवसर पर मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई व संध्या में महाप्रसाद का आयोजन किया गया. जिसका लाभ अनेक भक्तों ने लिया. श्रीराम कथा के प्रसंगों को हरिभक्त पारायण पांडुरंग महाराज बारापात्रे रामायणाचार्य ने भक्तों को विस्तार से बताया. कथा में ह.भ.प. सुभाष महाराज पुराणिक ने कलश की



स्थापना की.

मंदिर समिति के अध्यक्ष साधुजी गभने ने बताया कि श्री राम कथा के दौरान विधायक चंद्रशेखर बावनकुले, कृष्णराव बावनकुले, नारायन बावनकुले मुख्य रूप से उपस्थित थे. शोभायात्रा के दौरान महिला मंडल की ओर से मार्ग पर सुंदर रंगोली उकेरी गई. भजन मंडल की ओर से श्री राम व ज्ञानेश्वर माऊली के भजन प्रस्तुत किये गए। विभिन्न सजीव झांकियां शोभायात्रा में शामिल हुईं। 'ज्ञानोबा तुकाराम' से परिसर गूंज उठा. कार्यक्रम के सफ़लतार्थ ईश्वर ठाकरे, पंढरी शिल्लटकर, राजेंद्र वैरागडे, गुलाब बावनकुले, भूदेव बावनकुले, ईश्वरदास बावनकुले, आत्माराम बावनकुले, लक्ष्मीकांत बावनकुले, देवीदास इंगोले, विनायक गभने, दिगंबर सावरकर, उरकुडे महाराज, मोहन वैरागडे, लक्ष्मण वैरागडे, संदीप गभने, रुपेश गभने, वसंता सावरकर, दिलीप बावनकुले, दत्तू रोकडे, प्रभाकर डाखोले, लीलाधर डाखोले, गंगाधर वैरागडे सहित परिसर के महिला मंडल का योगदान रहा.

## कुख्यात ठगबाज किशोर लगा पुलिस के हाथ

> नंदनवन पुलिस की कार्रवाई



**नागपुर। निवेश** पर अधिक ब्याज देने का झांसा देकर ठगी करनेवाले ठगबाज किशोर अमृतकर को नंदनवन पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जुना बगड़गंज में जनरल स्टोर्स चलानेवाला अमृतकर डेली कलेक्शन और फिक्स डिपाजीट की योजनाएं चलाता था. शुरुआत में उसने लोगों को मुनाफा दिया. जिससे लोग उसके पास निवेश करने लगे. अधिकांश मजदूर वर्ग की महिलाएं थी.

अमृतकर ने साढ़े तीन साल पहले एफडी स्किम आरंभ करके चार साल में दोगुनी राशि लौटाने का झांसा दिया. चार साल की अवधि पूरी होने के पहले ही रुपए देने में आनाकानी करने लगा. 21 अक्तूबर की रात परिवार सहित फरार हो गया. 3 नवंबर को पीड़ित निवेशकों ने नंदनवन थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस के मामला दर्ज नहीं करने पर लोगों ने पुलिस आयुक्त डॉ.रवींद्र सिंगल से शिकायत की. इसके बाद पुलिस ने अमृतकर के खिलाफ मामला दर्ज किया था. 25 दिन बाद वह पुलिस के हाथ लगा है. पीड़ित अब अमृतकर के परिजनों के भी ठगी में शामिल होने का आरोप लगा रहे है. उनकी मदद से ही अमृतकर ने ठगी की राशि सुरक्षित रखी है. अधिकांश पीड़ित मजदूर वर्ग के है. उन्होंने मेहनत की कमाई अमृतकर को सौंपी थी. अमृतकर को 2 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में लिया गया है.

## थैंक्स गिविंग डे में शामिल हुए स्कूली बच्चे

### पुलिस आयुक्त से पूछे कई सवाल

**नागपुर.**

नागपुर शहर पुलिस आयुक्त रविंद्र कुमार सिंगल द्वारा सिविल लाइन्स स्थित पुलिस आयुक्तालय में आयोजित थैंक्स गिविंग डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम में सिंगल पैटर्न के लिए प्रसिद्ध लकड़गंज स्थित सेंट्रल इंडिया पब्लिक स्कूल के छात्रों से खुलकर चर्चा की. इस दौरान सीपी सिंगल ने बच्चों को बताया कि एक-दूसरे के प्रति कैसे आभारी होना चाहिए



और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण कैसे बनाए रखें? बच्चों को बताया गया कि कृतज्ञता व्यक्त करने से रिश्ते मजबूत होते हैं. मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और तनाव कम होता है, जिससे व्यक्ति और समाज अधिक सकारात्मक बनते हैं.

इस कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं ने सीपी सिंगल से अपने मासूम मन में उठे कई सवाल पूछे. जैसे, पुलिस जांच कैसे करती है? पुलिस ये सबूत कैसे जुटाती है? साक्ष्य का क्या उपयोग है? सुरक्षा को लेकर.. क्या हैं उपाय? सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो तो क्या करें? यदि बच्चों का अपहरण कर लिया जाए और उनके पास मोबाइल फोन न हो तो क्या होगा? साथ ही आईपीएस बनने के लिए आपको क्या करना पड़ा? सभी प्रश्नों के सीपी सिंगल ने विस्तृत एवं प्रासंगिक उत्तर दिये.

### पुलिस समाज की रक्षक हैः सीपी सिंगल

सीपी सिंगल ने बच्चों से कहा कि अपने मन में जो डर है उसे निकाल दें. पुलिस को समाज का रक्षक समझें और एक छोटा पुलिसकर्मी बनकर पुलिस की मदद करें. यातायात नियमों का पालन करें और पालन कराने में भी मदद करें. इससे छात्रों के मन से पुलिस का डर दूर हुआ और छात्र पुलिस की कार्यप्रणाली से अधिक जागरूक हुए. उन्हें पुलिस के सामने अपनी बात खुलकर कहने का मौका मिला.

## नए ट्रैफिक पुलिस बूथ से पुलिस को मिली राहत

**नागपुर।** नागरिकों की सेवा के लिए चौबीसों घंटे तैयार रहने वाली नागपुर पुलिस के लिए नागपुर स्मार्ट सिटी का ट्रैफिक पुलिस बूथ वरदान बनता जा रहा है. नागपुर स्मार्ट एंड सस्टेनेबल सिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएसएससीडीसीएल) ने शहर के विभिन्न स्थानों पर 78 ट्रैफिक पुलिस बूथ तैनात किए हैं. इससे नागपुर में भीषण ठंड, बारिश और गर्मी से नागपुर ट्रैफिक पुलिस को सुरक्षा मिल रही है.

शहर की प्रगति के लिए नागपुर स्मार्ट सिटी द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं. नागपुर स्मार्ट सिटी पहल के तहत शहर में बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना और पर्यावरण को अधिक कुशल बनाना है. इस पहल के तहत ट्रैफिक पुलिस बूथ जैसा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पूरा किया गया है.





नागपुर स्मार्ट सिटी ने शहर के विभिन्न चौराहों पर 78 सौर ऊर्जा संचालित ट्रैफिक पुलिस बूथ स्थापित किए हैं. ये बूथ पुलिस को आश्रय के साथ चौक पर यातायात को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद कर रहे हैं, और अत्यधिक ठंड, गर्मी, भारी बारिश से बचाने के लिए भी इसका उपयोग किया जा रहा है. ट्रैफिक पुलिस बूथ में सोलर पैनल, पंखा, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, अग्निशामक यंत्र, बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी, माइक्रोफोन और बायोमेट्रिक प्रवेश द्वार जैसी सुविधाएं हैं. ट्रैफिक पुलिस के पास वॉकी-टॉकी हैं, जिसके जरिए वे वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में रह सकते हैं.

नागपुर स्मार्ट सिटी ई-गवर्नेंस विभाग के महाप्रबंधक डॉ.शील घुले ने बताया कि शहर भर में विभिन्न स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं, ताकि वरिष्ठ अधिकारी यातायात स्थिति पर सीधे नजर रख सकें और पुलिस को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर सकें।

# सह-यात्रियों के लिए भी हेलमेट अनिवार्य

> बिना हेलमेट पकड़े जाने पर वाहन चालक पर जुर्माना

**वाडी/कन्हान.**



एमआईडीसी यातायात विभाग ने अब दोपहिया वाहनों पर हेलमेट के नियम को और सख्ती से लागू करने का फैसला लिया है। न केवल बाइक चालकों बल्कि उनके साथ बैठे सह-यात्रियों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना हेलमेट पकड़े जाने पर चालान वाहन चालक के नाम पर ही कटेगा। यातायात एपीआई विजय धूमाल ने जानकारी दी कि राज्य में दुर्घटनाओं और सह-यात्रियों की मौत के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखी जाएगी। एमआईडीसी यातायात विभाग द्वारा वाडी और हिंगणा क्षेत्रों में रोजाना हजारों वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाती है। पहले केवल बाइक चालकों पर हेलमेट नहीं पहनने के कारण चालान काटे जाते थे, लेकिन अब सह-यात्रियों पर भी यह नियम लागू होगा। राज्य परिवहन विभाग ने सभी पुलिस इकाइयों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 128 और 129 के तहत यह कार्रवाई की जाएगी।

ई-चालान मशीन में सह-यात्रियों के लिए अलग से जुर्माना दर्ज करने की व्यवस्था की गई है। जानकारी के अनुसार, वाडी शहर में हेलमेट न पहनने के कारण चालान से जुड़ा आंकड़ा करोड़ों में पहुंच चुका है। नए नियमों के कारण यह विवाद का कारण बन सकता है क्योंकि जुर्माना वाहन चालक को भरना होगा, चाहे गलती सह-यात्री की ही क्यों न हो।

## सीसीटीवी से होगी निगरानी

❍ वर्तमान में सीसीटीवी कैमरों के जरिए बिना हेलमेट चलने वाले बाइक सवारों पर कार्रवाई हो रही है। अब सह-यात्रियों पर भी यही नियम लागू होगा। बिना हेलमेट पकड़े जाने पर लोक अदालत में मामले भेजे जाएंगे।

## लोगों को किया जा रहा है जागरूक

❍ यातायात विभाग के एपीआई विजय धूमाल ने बताया कि सभी चौक-चौराहों पर लोगों को नए नियमों की जानकारी दी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशों के तहत यह कदम उठाए गए हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं और मौतों की संख्या में कमी आएगी। नया नियम लागू होने के बाद अब वाहन चालक और सह-यात्रियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है। नियम का पालन न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नागपुर-कामठी रेलखंड पर टूटी इलेक्ट्रिक सर्विस वायर

> 3 घंटे क़रीब ठप रही ट्रेन सेवा



**कामठी.**

नागपुर - कामठी रेलखंड पर आज शुक्रवार यानी 28 नवंबर की सुबह 10.30 बजे करीब कामठी स्टेशन के पास डाउन लाइन पर इलेक्ट्रिक सर्विस वायर टूट गई, जिसके कारण पटरी के ऊपर लटक रहा था. शालीमार एक्सप्रेस के लोको पायलट की उस लटकते हुए सर्विस वायर जैसे ही नज़र गई, उन्होंने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन को ब्रेक लगाया और ट्रेन को आउटर पर रोक दिया. प्राप्त जानकारी अनुसार सर्विस वायर के टूटने से लगभग दो घण्टे तक अप लाइन पर परिचालन बाधित रहा. रेलकर्मियों ने अस्थायी तौर पर मरम्मत करके ट्रेनों का परिचालन शुरू करवा दिया है. रेल अधिकारियों ने किसी भी आपराधिक षड्यंत्र या तोड़फोड़ की घटना से इनकार किया है. इसी रेल ट्रैक से कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में दर्जनों महत्वपूर्ण मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर गाड़ियों का संचालन है.

# जंगली सुअरों के झुंड की चपेट में आने से बाइक सवार

> देवली कालबांडे गांव की घटना

**कोंढाली.**





यहां से 28 कि मी दुरी देवली कालबांडे निवासी मोहन गोविंदराव लक्षणे जंगली सूअर के झुंड के चपेट में आने से दोपहिया वाहन अनियंत्रित होने से मुझे दुर्घटना में मोहन गोविंदराव लक्षणे (22) नामक युवक की मौत हो गई। मृतक मोहन गोविंदराव लक्षणे (उम्र 22, देवली कालबांडे) अपने दोपहिया वाहन क्र एमएच 40, सीवी 9809 हीरो स्प्लेंडर एक निजी कंपनी में काम करने जा रहा था, तभी वलनी नाला के पास से बडे तेजी से आ रहे जंगली सूअरों के झुंड के चपेट में मोहन लक्षणे आने से दोपहिया वाहन सहित वह गिर गया और उसके सिर पर गंभीर चोट लगी। घटना की जानकारी मिलने पर गांव वासियों ने गंभीर घायल मोहन को यहाँ के समीपस्थ अडेगाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र. ले गये तथा पुलिस पटावी द्वारा इस घटना की जानकारी कोढाली पुलिस स्टेशन को दी गयी, घटना की जानकारी मिलते ही थानेदार राजकुमार त्रिपाठी द्वारा ऑन डिवटी पोलीस उपनिरीक्षक शेख सलीम तथा शिक्षा ही अच्युत गुट्टे को मौके पर भेजा. कोंडाजी पुलिस द्वारा घटना स्थल पंचनामा किया. इस दुर्घटना में गंभीर घायल मोहन गोविंदराव लक्षणे को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषीत किया. पुलिस द्वारा मृतक शव विच्छेदन के लिये शासकीय अस्पताल भेजे जाने की जानकारी पुलीस उपनिरीक्षक शेख सलीम द्वारा थी गयी है.

# सजेगी सुरों की महफिल और मस्ती में झूम उठेंगे दर्शक

**नागपुर.** एवरग्रीन म्यूजिक क्लब शनिवार 7 दिसंबर को शाम 5.30 बजे लक्ष्मी नगर के साइंटिफिक सभागृह में गीतों के संग सुनहरे पल कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम सभी के लिए निशुल्क है। इस कार्यक्रम की निदेशक स्मिता नेरकर और संयोजक वृंदा गोटे हैं। इसकी संकल्पना संजय हेडाऊ और अमित पेंढेकर ने की है। कार्यक्रम में हिंदी-मराठी सदाबहार गीतों की प्रस्तुति होगी। इन कलाकारों में दीपक दुधमोगरे, विकास डोमडे, विजय श्रीरंग, रमेश चौधरी, दीपक ढोके, पूनम मिर्झा, अनुपमा निर्माले, सुषमा खापेकर, छाया लुटाडे, हर्षणा बिरे, तारा धार्गवे, अंजलि थूल शामिल हैं। संगीत संयोजन पंकज यादव व उनकी टीम का है। संचालन आनंद मोहने ने किया है। आयोजकों ने इस निशुल्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

# भीम शक्ति युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने मनाया संविधान दिवस

**वाडी.**



डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने हमें गरिमापूर्ण जीवन जीने का तरीका दिया, हमें हमारे अधिकार और शक्तियाँ दीं और हमें वोट देने का सबसे बड़ा अधिकार दिया। बाबा साहब आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान को अपने परिवार की परवाह किये बिना अत्यंत कठिन परिस्थिति में दो वर्ष, 11 माह और 18 दिन की अवधि में पूरा किया गया और संविधान का आदर्श समानता, स्वतंत्रता, भाईचारा और न्याय से परिपूर्ण है। समाज के प्रति एक कर्तव्य भीम शक्ति युवा मंच इस तथ्य के अनुरूप जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज के प्रति एक कर्तव्य जताया। इस अवसर पर 26 नवंबर को दो दिवसीय सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध व्याख्याता, साहित्यिक चिंतक एवं लेखक सचिन मेकाले द्वारा ममता धोपटे की अध्यक्षता में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाडी पुलिस निरीक्षक राजेश तटकरे द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ और उसके बाद संविधान पढ़ा गया और 26 नवंबर 2008 के मुंबई विस्फोट में शहीद हुए नायकों को श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि जिल्हा परिषद सदस्य दिनेश बंग, दवलामेटी सरपंच गजानन रामेकर,पूर्व सरपंच रीता उमरेडकर,प्रकाश मेश्राम, रक्षा सुखदेवे, प्रशांत केवटे, लीलाधर दाबे, सचिव शिवाजी नागरगोजे, ग्राविअ पंकज ढोके, पुलीस पाटील आदि मौजूद थे।अतिथियों ने संविधान दिवस पर प्रकाश डाला 27 नवंबर को ग्राम पंचायत दौलामेती के सामने मैदान में सुप्रसिद्ध गायक कव्वाल फैजान ताज द्वारा भीम गीता का सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।इस दौरान पूर्व जी.प सदस्य दिनेश बनसोड, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश जंगले,सोम वर्मा, आकाश भारद्वाज, भीमशक्ती युवा मंच के निकेश सुखदेवे, स्वप्निल चारभे, समीर सहारे, शुभम भालाधरे, संगीत करार, रोहित राऊत, शुभम गजभिये, राहुल मोडघरे,सौरभ नाईक, विनय गवई, कमलेश कोचे, आकाश लामसोंगे, राजू ढोके, दीपक शेंडे, उमेश सुखदेव, अमोल भातुकुलकर, गुड्डू नारनवरे, अभिजीत साळवे, शुभम टेंभुर्णे, विकी भारशंकर, रजत रामटेके, प्रशांत घोडेस्वार, दिनेश बागडे प्रस्तावना पठन शिवाजी नागरगोजे ने सूत्रसंचालन उषा चारभे और धन्यवाद संगीत करार ने माना।

# नागसेन गजभिये को संविधान गौरव समिति ने किया सम्मानित

**कामठी.**



संविधान गौरव समिती द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर जय स्तंभ चौक स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पुतला परिसर पर मंगलवार को शाम में आयोजित भव्य संविधान दिवस परिसंवाद कार्यक्रम दौरान बसपा के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नागसेन गजभिये को प्रशस्ति पत्र व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर किया गया. कार्यक्रम में उद्घाटन धरमपेठ कॉलेज के सेवानिवृत एचओडी युगल रायलू के हस्ते किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संविधान गौरव समिति के अध्यक्ष विजय पाटिल ने की और प्रास्ताविक एस. एस. सहारे ने व्यक्त किए. इस मौके पर प्रमुख वक्ता के रूप में तीसरे अ.भा.बंजारा साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश राठौड़, आंबेडकरवादी साहित्यिक व कवित्री माधुरी वसंत शोभा, भारतीय संविधान दिन गौरव समिती महासचिव विद्या भीमटे आदि प्रमुखता से मौजूद रहे.कार्यक्रम के सफलतार्थ भारतीय संविधान दिन गौरव समिती के उपाध्यक्ष मनोहर गणवीर, कोषाध्यक्ष सालिकराम अड़कने, सदस्य उमाकांत चिमनकर, सदस्य सुधा रंगारी, सदस्य दुर्योधन मेश्राम, सदस्य राजेश ढोके, सदस्य प्रदीप फुलझले, सदस्य विकास रंगारी, सदस्य बैजनाथ चौहान, सदस्य संदीप कांबले, सदस्य सुदाम हुमणे, सदस्य निशा रामटेके, सदस्य संजय मेश्राम आदि ने कड़ी मेहनत किए.

# पूर्व नगराध्यक्ष चवरे की मां के अंतिम संस्कार में नेताओं ने जताया शोक

> परिजनों ने किया मरणोपरांत नेत्रदान

**कामठी.**



नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष माया चवरे की मां लीला नामदेव चवरे का 80 साल की उम्र में निधन हो गया. विभिन्न दलों के नेता, परिवार व इष्टमित्र उनकी मां के निधन पर गहरा शोक कर शोक संवेदना व्यक्त करने अजनी रोड मोक्षधाम पहुंचे.

ज्ञात हो कि लीला नामदेव चवरे के निधन के बाद परिजनों ने उनका नेत्रदान किए. मां की इच्छा का मान रखते हुए बेटी माया चवरे ने कहा कि हमें बेहद खुशी है कि जाने के बाद उनकी आंखें किसी के जीवन की रोशनी बनेगी.

शोक सभा की अध्यक्षता श्री गुरुदेव सेवा मंडल के प्रचारक ज्ञानेश्वर रक्षक ने की. शोक सभा में शिवसेना के उपज़िला संगठक, समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रमुख महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, प्रदेश उपाध्यक्ष टी.एच.खान, रणाला ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच देवराव आमधरे, रणाला के पुलिस पाटील विशाल लक्ष्मण आमधरे, पूर्व सरपंच खुशाल खांडेकर, मराठी पत्रकार संघ के जिला प्रतिनिधि सुदाम राखड़े, भाजपा के वरिष्ठ नेता राम कुशवाह, पत्रकार लीलाधर दाभे, पत्रकार सतीश तायड़े, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश दुबे, पूर्व नगरसेवक तिलक गजभिये, मराठी पत्रकार संघ कामठी शहर अध्यक्ष मनोज नगरकर, संविधान गौरव समिती सदस्य एस.एस. सहारे, सामाजिक कार्यकर्ता रवि तामसेटवार, पत्रकार निलेश रावेकर, पत्रकार सुनील चलपे, दुर्गा चौक मित्र परिवार सहसचिव देवेंद्र चकोले आदि ने संवेदना व्यक्त किए. सभा का संचालन बरिएमं के शहर अध्यक्ष दीपांकर गणवीर ने की.

माया चवरे अपने दोस्तों, प्रशंसकों और साथी हस्तियों द्वारा उनके समर्थन में दिखाई गई दयालुता को स्वीकार किया. उन्होंने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि उनकी मां अब शांति में हैं और उनकी याद हमेशा उनके दिल में एक विशेष स्थान रखेगी. मैं उनके चरणों में नमन करती हूं. भंते नाग दीपांकर की प्रमुख उपस्थिति में पूजा पाठ करने उपरांत लीला चवरे का अंतिम संस्कार अजनी रोड मोक्षधाम पर किया गया. वहीं उनके निवास पर जिला परिषद पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर, पंचायत समिति पूर्व उपसभापति कमलाकर मोहोड़, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुड्डू मानवटकर, पूर्व उपाध्यक्ष शाहेदा कलीम अंसारी, पूर्व नगरसेवक शांता गायघने, पूर्व नगरसेविका मंगला परदेशी, कांग्रेस युवा नेता नरेंद्र शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत नागोराव साबरे सहित उनके मित्रों और प्रशंसकों ने अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित किए. माया चवरे ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया जो इस कठिन समय में अपनी श्रद्धांजलि देने और संवेदना व्यक्त करने आए थे.

## दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**नागपुर.** जिला समाज कल्याण विभाग, जिला परिषद नागपुर, और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए काम करने वाले विभिन्न संगठनों ने मिलकर 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए खास कार्यक्रमों का आयोजन किया है। दिनांक 1 दिसंबर को रोटरी क्लब ऑफ नागपुर विज़न की ओर से "उमंग" नामक रंगारंग कार्निवल का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सेंट उर्सुला प्रांगण में आयोजित होगा, जिसमें 500 से अधिक दिव्यांग बच्चों के लिए संगीत और मनोरंजन के विविध कार्यक्रम होंगे। 3 दिसंबर को "जागतिक दिव्यांग दिन" के अवसर पर जिला समाज कल्याण विभाग और अन्य संगठनों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली गांधीबाग से चिटणीस पार्क तक सुबह 8:30 बजे से निकलेगी। रैली में जिले की 83 स्कूलों और कार्यशालाओं के करीब 1200 दिव्यांग छात्र भाग लेंगे। दिव्यांग बच्चे महान व्यक्तियों की वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र होंगे। रैली का मार्ग गांधीबाग गार्डन, बडकस चौक से होकर गुजरेगा। कार्यक्रम में जिला परिषद नागपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अन्य अधिकारी, और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे दिनांक 3 दिसंबर को दोपहर 11 बजे से शाम 6 बजे तक चिटणीस पार्क में दिव्यांग छात्रों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी किशोर भोयर ने जिले की सभी दिव्यांग सेवाभावी संस्थाओं और व्यक्तियों से इन कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

# ब्लड बैंक, मेडिकल कॉलेज ने किया घनश्याम चकोले को सम्मानित

**कामठी.**



सुपर मेडिकल ब्लड बैंक, मेडिकल कॉलेज व गहन चिकित्सा हॉस्पिटल नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजकों का सम्मान समारोह का आयोजन आज गुरुवार को किया गया.इस समारोह में जिले के रक्तदान संगठन के अनेक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया. इसी कड़ी में डॉ. राज गजभिये की अध्यक्षता में कामठी शहर के गादा गांव में रहने वाले जीवन तरंग बहुउद्देश्यीय सेवा संगठन के सचिव घनश्याम चकोले को भी प्रशस्ति पत्र व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया.ज्ञात हो कि घनश्याम चकोले ने 2009 से अब तक 30 बार रक्तदान कर 103 शिविरों का सफल बनाने में सहकार्य किया है. उनकी इस उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें रक्त दूत के नाम से भी जाना जाता है.

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ.उदय नारलावर, डॉ. अविनाश गावंडे, डॉ. देवेन्द्र माहोरे, डॉ. सुषमा ठाकरे, श्रीमती वैशाली तायडे आदि प्रमुखता से उपस्थित थे. इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ.कीर्ति जयसवाल, संदीप महाकाळकर ने कड़ी मेहनत किए. उल्लेखनीय है कि जिले के सभी रक्तदाताओं, संगठन के पदाधिकारियों, समाज सेवी संस्थाओं को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया.

# ट्रक ट्रांसपोर्ट संगठन ने किया विधायक मेघे का स्वागत

**वाडी.**



हिंगना विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज किए विधायक समीर मेघे की मुंबई से वापस आते ही ट्रक एसोसिएशन से मुलाकात की। दौरान ट्रक संगठन से गोपाल परिवार फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल, भाईचारा राजमार्ग परिवहन सेवा अध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रा, सुनील पांडे, मान सिंह ठाकुर, योगेश चौबे, टिंकू सिंह, बिमलेश सिंह, किताब सिंह चौधरी और सभी ट्रक एसोसिएशन के सदस्य पदाधिकारी ने जीत की शुभकामनाएं दी।

# ग्रामीण इलाकों में 'ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस' के बढ़ रहे मामले

16000 की जांच
3200 मिले ग्रसित

**नागपुर.**



## बढ़ जाता है कैंसर का खतरा

❍ डॉक्टरों के अनुसार समय पर उपचार नहीं किए जाने पर मुंह का कैंसर होने का खतरा बना रहता है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने इसकी जांच करनी चाहिए। बच्चों का भविष्य संकट में आ रहा है। संभव है कि आने वाले समय में मुंह के कैंसर के सर्वाधिक मरीज होंगे। इसलिए अभी से जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया जाना जरूरी बताया गया है।

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वयं प्रेरित होकर 2008 से लगातार जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए दंत रोग जांच अभियान चलाया जा रहा है। हफ्ते में पांच दिन अलग-अलग क्षेत्रों की स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों के दांतों की जांच की जाती है।

जांच के दौरान कीड़े लगना, पायरिया, मसूड़ों में सड़न, दांतों में दर्द होना, कैविटी, दांतों में धब्बे, झनझनाहट, दांतों का पीला पड़ना आदि सामान्य समस्याएं पाई जाती है। इसमें सर्वाधिक समस्या ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस बीमारी की पाई जा रही है। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले साल 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक 323 स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों की जांच की गई थी। 80 से अधिक शिविरों में 16000 बच्चों की जांच की गई है। इनमें से 3200 बच्चों में ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस बीमारी पाई गई है। इसके अलावा दंत चिकित्सालय में प्रतिदिन की ओपीडी 25 बच्चे इस बीमारी से ग्रस्त पाए जा रहे हैं। इनमें ग्रामीण के 60 फीसदी का समावेश है। इनका सरकारी सहूलियत के आधार पर उपचार किया जा रहा है। विद्यार्थियों में ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस बीमारी होने के कई कारण हैं।

इसमें तंबाकू, तंबाकू जन्य पदार्थों का सेवन, पान मसाना, चूना, कत्था आदि का अधिक सेवन प्रमुख कारण बताया जाता है। दंत चिकित्सालय के डॉक्टरों के अनुसार स्कूल व कॉलेजों के आसपास ही पानठेला, चाय टपरी, नाश्ता दुकानें होती है। यहां आसानी से खर्रा, तंबाकू, पान मसाला व तंबाखूजन्य सामग्री समेत सिगरेट मिलती है। यह सामग्री आसानी से मिलने से विद्यार्थियों को इसकी लत लग जाती है। इससे ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस की बीमारी पाई जा रही है।

इसके लक्षणों में मुंह खोलने में कठिनाई होना, मुंह में बार-बार छाले होना, होंठ का पतला होना, मुंह के अंदर के ऊतक का सफेद हो जाना, मुंह में सूखापन आना, खाते समय जलन होना, स्वर परिवर्तन होला, स्वाद विकार होना आदि शामिल है।

# शुरू हुई विशेष फीडर बस सेवा

**नागपुर.** छात्रों को मेट्रो सेवा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने और सार्वजनिक परिवहन की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से महामेट्रो ने नागपुर महानगरपालिका के साथ मिलकर शहर की दो प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं के लिए विशेष फीडर बस सेवा शुरू की है। यह सेवा छात्रों के सफर को आसान और सुगम बनाने के साथ-साथ नागपुर में यातायात जाम और वायु प्रदूषण को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, वर्धा रोड और एलन कोचिंग क्लासेस, सुभाष नगर के लिए फीडर बस सेवाएं शुरू की गई हैं। यह सेवा "मेट्रो संवाद" कार्यक्रम के बाद लागू की गई, जिसे इन दोनों संस्थानों में आयोजित किया गया था। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रतिदिन करीब 1,500 और एलन कोचिंग क्लासेस में लगभग 9,000 छात्र पढ़ते हैं, जो शहर के विभिन्न इलाकों से आते हैं। महामेट्रो और मनपा ने इन संस्थानों के प्रबंधन के साथ चर्चा कर यह निष्कर्ष निकाला कि छात्रों के लिए पर्यावरण-अनुकूल और किफायती परिवहन व्यवस्था जरूरी है। मेट्रो सेवा को सबसे हरित (इको-फ्रेंडली) और टिकाऊ विकल्प के रूप में पेश किया गया। छात्रों के लिए मेट्रो टिकटों पर 30% की विशेष छूट भी दी गई है, जिससे यह उनके लिए और भी आकर्षक बनती है। 26 नवंबर 2024 से शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज और न्यू एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन के बीच फीडर बस सेवा शुरू की गई है।ये बस सेवाएं छात्रों को मेट्रो स्टेशन से उनकी शिक्षण संस्थाओं तक सीधा और सुगम कनेक्शन प्रदान करेंगी।

# 54 करोड़ से बने पुल पर निर्माण हुए जानलेवा गड्ढे

## > वाहन चालकों को सता रहा दुर्घटना का डर



**गोंदिया.**

जिला मुख्यालय में गोंदिया-बालाघाट मार्ग पर 54 करोड़ रुपए की निधि खर्च कर नया उड़ान पुल तैयार किया गया है। लेकिन इस पुल का निर्माण कार्य उचित तरीके से नहीं किया गया है। जिससे इस पुल पर बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए है। इसी तरह अनेक स्थानों पर दरारे पड़ी है। इसी पुल से सटकर पुराना जीर्ण उड़ान पुल तोड़ देने से इस नए पुल पर यातायात बढ़ गया है।

गौरतलब है कि पुल पर बने गड्ढों से नागरिकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे उनकी जान को खतरा निर्माण हो गया है। 27 नवंबर को दोपहर के समय पुल पर एक दुर्घटना घटित हुई। जिसमें दुपहिया वाहन चालक गंभीर रूप से जखमी हो गया। घायल को गोंदिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मार्ग से शहर दो क्षेत्र में विभाजित किया गया है। उत्तर से दक्षिण आने के लिए पुराना उड़ान पुल सुविधाजनक था। जबकि वह पुल पुराना होने से 2 वर्ष पूर्व उसे तोड़ दिया गया है। 54 करोड़ रुपए की निधि खर्च कर डा.बाबासाहेब आंबेडकर चौक से सागरिका होटल के बीच नया उड़ान पुल बनाया गया है।

इस पुल का निर्माण करते समय गुणवत्ता पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। जिससे निर्माण में अनेक खामियां है।

### पुल पर संपूर्ण यातायात का बोझ

पुराने पुल को तोड़ने के बाद से नए पुल पर संपूर्ण यातायात का बोझ आ गया है। इस नए उड़ान पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। इसी तरह कई जगह दरारे पड़ गई है। पुल के मार्ग पर दोनों छोर पर कचरा और मिट्टी जमा हो गई है। जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे है। जिससे वरिष्ठ अधिकारियों को इस ओर ध्यान देकर गड्ढों को बुझाने के लिए के लिए प्रयास करना चाहिए।

# अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिले विनोद अग्रवाल



**गोंदिया.** हाल ही में गोंदिया तहसील के ग्राम आसोली में रविंद्र हमे के मकान में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते मकान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही दुसरी बार विधायक बने विनोद अग्रवाल मुंबई से लौटते ही ग्राम आसोली पहुंचे और रविंद्र हुमे के मकान को भेंट देकर जल चुके मकान का मुआयना किया। उन्होंने मकान की जली स्थिति को देख हुमे परिवार को धैर्य दिया और आश्वस्त कर कहा कि, इसके लिए वे शासन से नुकसान भरपाई दिलायेंगे। इस दौरान रविन्द्र हुमे, परसराम हूमे, महेश मेश्राम, परमा खोब्रागड़े, सचिन भेलावे, बंडू दहिकर व ग्रामीण उपस्थित थे।

# नंदनपवार को ग्लोबल गोल्ड पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**हिंगनघाट.**

हवामान क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हिंगनघाट के हेमंत नंदनपवार को दुबई में प्रतिष्ठित ग्लोबल गोल्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए प्रदान किया गया।

हेमंत नंदनपवार वर्तमान में कतर स्थित ग्लोबल कार्बन काउंसिल के क्लाइमेट फाइनेंस एंड स्टेकहोल्डर्स मैनेजमेंट डिवीजन के वरिष्ठ निदेशक हैं। उनके पास 30 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने का अनुभव है। स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास के क्षेत्र में उनका 28 वर्षों से अधिक का अनुभव है, जिसमें उन्होंने ऊर्जा संवर्धन, अक्षय ऊर्जा, ग्रिड कनेक्टेड शुगर को-जनरेशन, और कचरा प्रबंधन जैसे विभिन्न प्रकल्पों के विकास और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हेमंत नंदनपवार को पहले भी उनके कार्यों के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया है। इनमें इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया का पुरस्कार, 2006 में डीएसके अक्षय ऊर्जा पुरस्कार, 2007 में महाराष्ट्र सरकार का ऊर्जा प्रबंधन उत्कृष्टता पुरस्कार और 2018 में डब्ल्यूसीएसआरडी द्वारा ग्लोबल ग्रीन लीडरशिप पुरस्कार शामिल हैं। हेमंत नंदनपवार ने हिंगनघाट में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की और नागपुर से अभियांत्रिकी में स्नातक की डिग्री हासिल की। इसके बाद, उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से सस्टेनेबल बिजनेस में मास्टर डिग्री प्राप्त की। व्यक्तिगत तौर पर, हेमंत एक संगीत प्रेमी भी हैं। उनकी पत्नी विशाखा नंदनपवार, जो खुद जलवायु और सतत विकास विशेषज्ञ, गायिका और संगीत प्रेमी हैं, के साथ उन्होंने "म्यूजिक फॉर क्लाइमेट" नामक एक अनोखी पहल शुरू की है। इसके तहत वे संगीत के माध्यम से पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

हेमंत नंदनपवार स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सतत विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। वे पर्यावरण के अनुकूल प्रकल्पों को लागू करने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए कई देशों और निजी क्षेत्रों को सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

ग्लोबल वार्मिंग जैसे गंभीर मुद्दे से निपटने और पृथ्वी की पारिस्थितिकी को बचाने के प्रयासों में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन

## > भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग, राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

**हिंगनघाट.**



बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ गई हैं। हिंदुओं के मंदिर तोड़े जा रहे हैं, उनके घर जलाए जा रहे हैं और अन्य प्रकार से अत्याचार किया जा रहा है। इसी क्रम में, इस्कॉन के चिन्मय दास प्रभु को हिंदुओं का पक्ष लेने और उनके लिए न्याय की मांग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें अब तक जमानत भी नहीं दी गई है। इस गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने भारत सरकार से हस्तक्षेप करने और उचित कार्रवाई की मांग की है। यह मांग तहसीलदार, हिंगनघाट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर की गई।

ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिंदू परिषद वर्धा जिला सहमंत्री शरद कोणप्रतीवार, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय भोंग, प्रखंड मंत्री सचिन धारकर, सहमंत्री अजय भोंग, बजरंग दल संयोजक दीपक शर्मा, हिंगनघाट नगर अध्यक्ष गजानन मसाये समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। इनमें शुभम जैसवाल, देवा वाघमारे, रोशन चंदनखेडे, संदीप मोटवानी, महेश रघाटाटे, राहुल बावने, सुशेन राय, वासुदेव त्रिवेदी, मुन्ना त्रिवेदी, मनीष शेंडे, अंकित त्रिवेदी, निहाल गंडाईत, सागर चांगलानी, स्नेहल डफ, जितेंद्र पाठक, प्रणय आठवले, वैभव मेंडे, रवि उदासी, युवराज माऊसकर, विवेक आहूजा, बबलू खेनवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

ज्ञापन में मांग की गई कि भारत सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए और इस्कॉन के चिन्मय दास प्रभु को जल्द से जल्द रिहा कराने के प्रयास करे।

# संविधान की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों को संरक्षित करने का लिया संकल्प

**गोंदिया.**



26 नवंबर 1949 को देश को संविधान समर्पित करने के उपलक्ष्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कार्यालय गोरेगांव में भारत का संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अपने संबोधन में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने कहा कि, आज ही के दिन 1949 में श्रद्धेय डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर के नेतृत्व में संविधान सभा ने देश के सामने संविधान प्रस्तुत किया था। भारतीय संसदीय लोकतंत्र की संप्रभु शक्ति की स्थापना की इस ऐतिहासिक घटना के उपलक्ष्य में संविधान दिवस मनाते हुए, आइए हम सभी संविधान की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों को संरक्षित करने का संकल्प लें।

# तेज रफ्तार ट्रक ने एसटी बस को मारी टक्कर

**गोंदिया.** तिरोड़ा थानांतर्गत करिश्मा टी पाईंट के पास अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एसटी बस क्रमांक एमएच 40 एन 8589 को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें एसटी बस का लगभग 40 से 50 हजार रूपए का नुकसान हो गया। जिसमें सामने का कांच, स्टेरिंग ऑईल टेंक, स्टेरिंग पाईप, हेडलाइट आदि का समावेश है। जानकारी के अनुसार फरियादी बस चालक राजु वातुजी टेकाम (56) एसटी बस को तिरोड़ा डिपो की ओर मोड़ रहा था तब ही अदानी की ओर से आ रहे अज्ञात ट्रक के चालक ने एसटी बस को सामने से टक्कर मार दी।

# 75वां संविधान दिवस संपन्न



**सेवाग्राम.** महाकोशल बुद्ध विहार हावरे लेआउट सेवाग्राम में महाकोशल समिति के अध्यक्ष विनोद वानखेड़े की अध्यक्षता में 25 नवंबर को महाकोशल बुद्ध विहार होकर लेआउट सेवाग्राम में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संविधान निर्माते भारतीय घटनाकार बाबा साहेब आंबेडकर और तथागत भगवान बुद्ध के प्रतिमान पर विनोद वानखेड़े और विनोद पाटिल द्वारा माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना से की गई और संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर महाकोशल बुद्ध विहार समिति के रमेश यसंबरे, सूरज गणवीर, रजनीश फुलझेले ने अपने निर्देशित भाषण के माध्यम से संविधान के महत्व को विस्तार से बताया। आशीष कांबले ने अपनी मधुर आवाज में भारतीय घटनेचा तू शिल्पकार आहे यह गीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन बुद्ध विहार समिति के रजनीश फुलझेले ने किया. कार्यक्रम में बुद्ध विहार समिति के विनोद पाटिल, विनोद वानखेड़े, विजेंद्र नाईक, गुलाबराव सातपूडके, आशीष कांबले, चरणदास नाईक और यशोधरा महिला मंडल के सभी भक्त और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। महाकौशल बुद्ध विहार के सदस्यों ने उपस्थित होकर सफलता हेतु सहयोग किया।

# कुणावार के लिए मंत्री पद की मन्नत

**हिंगनघाट.**



शुक्रवार को हिंगनघाट के येणोरा माता मंदिर में कार्यसम्राट और लोकप्रिय विधायक समीर कुणावार को मंत्री पद मिलने की कामना के साथ भवानी माता के चरणों में विशेष पूजा अर्चना की गई। यह आयोजन नगर परिषद हिंगनघाट के पूर्व नगराध्यक्ष निलेश ठोबरे के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज सावंकर की संकल्पना से संपन्न हुआ।

सुबह 11 बजे येणोरा माता मंदिर में भवानी माता की महाआरती और पूजा की गई। इस कार्यक्रम में हिंगनघाट के कई प्रमुख नेता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व नगराध्यक्ष प्रेम बसंतानी, भाजपा जिला महामंत्री आकाश पोहाणे, भाजपा तहसील अध्यक्ष विनोद विटाले, अनुसूचित जाति विधानसभा प्रमुख अतुल नंदागवली, सरपंच नितीन वाघ, नगरसेवक सोनू गवली समेत अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के शहर और ग्रामीण कार्यकर्ता, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के सभी पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

यह पूजा समीर कुणावार को मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने की कामना के उद्देश्य से की गई, जो जनता और पार्टी में उनकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है।

# संविधान दिवस पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम हुआ

**वर्धा.**



सिंधी मेघे के अजिंठा विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त विश्वेश्वर हाडके, वामन भगत, श्रीमती भगत मैडम, पुरुषोत्तम थोटे उपस्थित थे. सिंधी मेघे में अजिंठा विद्यालय सबसे पुराना विद्यालय है. इस विद्यालय से कई छात्र पढ़े हैं और बड़े पदों पर कार्यरत हैं। संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व छात्रों के साथ-साथ पूर्व शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था. इस अवसर पर सभी शिक्षकों को स्कूल के प्राचार्य प्रदीप पाटिल और अन्य शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किये तथा शिक्षकों से संवाद किया. संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्रों के हाथों स्कूल बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम को रोशन भगत, नीलकमल वरके, वर्षा शेंडे, यशपाल कांबले, अमर रामटेके, स्मिता पाटिल, ममता गाडगे, प्रतिभा भगत, नवनीत येसनकर, सत्यशील वरके, शरद भगत, धनराज धाबर्डे, नीलेश पुसाटे, मीना निर्मल, सूरज गावंडे,संदीप मेढें ने कड़ी मेहनत की.

# पुल पर बढ़ा हादसों का खतरा

**गोंदिया.** तहसील के चुरड़ी से चिखली जानेवाले मार्ग के काशीघाट पुल पर रेलिंग नहीं है। जिसकी वजह से यहां हादसों की संभावना बढ़ गई है। सर्वाधिक खतरा दुपहिया वाहन चालक एवं साइकिल सवारों को है। जान हथेली पर रख वाहन चालक आवागमन कर रहे हैं। बावजूद लोक निर्माण विभाग इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है।बता दें कि काशीघाट यह काफी प्रसिद्ध है। जहां लोग अस्थी विसर्जन के साथ ही अन्य धार्मिक कार्यों के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। काशीघाट से लगकर ही एक नाला है जो वर्षभर बहते रहता है। यह नाला गराड़ा, लोधीटोला, धादरी, सालेबर्डी होते हुए वैनगंगा नदी में मिलता है। काशीघाट पुल से सैकड़ों वाहन चालक प्रतिदिन आवागमन करते हैं। लेकिन इस पुल पर रेलिंग ही नहीं है। जिसकी वजह से आवागमन करनेवालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर रात के समय यहां अंधेरा रहने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। अनेक बार तो यहां दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। बावजूद लोकनिर्माण विभाग समस्या को अनदेखा कर रहा है। इतना ही नहीं तो 30 वर्षों से इस पुल पर विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। इस संबंध में लोकनिर्माण विभाग तिरोड़ा के उपअभियंता ए.डी. रहांगडाले ने बताया कि पुल परिसर में पहुंचकर जायजा लिया जाएगा और समस्या का समाधान निकाला जाएगा। पुल पर जल्द से जल्द रेलिंग लगाई जाएगी।

# बालमृत्यु और कुपोषण को रोकने टीकाकरण एकमात्र

## > जिलाधिकारी नायर ने टास्क फोर्स की सभा में व्यक्त किए विचार

**गोंदिया.**



बालमृत्यु व कुपोषण को रोकने के लिए टीकाकरण एकमात्र विकल्प है। सभी बीमारियों से लड़ने के लिए बालक को जन्म से ही अलग-अलग आयु समूह तक टीका देने पर बीमारियों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिकार शक्ति निर्माण होती है। जिससे स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक गांव में टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जाए एवं कोई भी बालक टीकाकरण से वंचित न रहे, इस दृष्टि से नियोजन किया जाए। नागरिकों द्वारा जिम्मेदारी से अपने बालक का संपूर्ण टीकाकरण शासकीय अस्पतालों से कर बालक को कुपोषण व गंभीर बीमारियों से लड़ने के लिए प्रतिकार शक्ति का निर्माण कराए। उक्ताशय के विचार जिलाधिकारी प्रजीत नायर ने 28 नवंबर को जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में आयोजित टीकाकरण टास्क फोर्स समिति की सभा में व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी एम. मुरुगनांथम प्रमुखता से उपस्थित थे। जिले के नियमित टीकाकरण संबंधी जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन नागपुर विभाग के राज्य सर्वेक्षण चिकित्सा अधिकारी डॉ. साजिद ने दी।डॉ. साजिद ने प्रसूति उपरांत 24 घंटों के भीतर बालक को हिपॅटायटीस बी टीका देना आवश्यक होने की बात कही। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्था में प्रसूति होने के बाद बालक को यह टीका दिया जा रहा है। जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में बीसीजी, हिपॅटायटीस बी, पोलिओ, पेंटाव्हॅलंट, रोटा वायरस, पीसीवी, आयपीवी, गोवर रुबेला, जेई, डीपीटी, विटामीन अ डोज आदि विविध टीके नि:शुल्क दिए जाते हैं।जिला स्तरीय समिति की सभा में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितीन वानखेड़े, जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरीश मोहबे, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अरविंदकुमार वाघमारे, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डा. तृप्ती कटरे, जिला संक्रामक रोग अधिकारी डॉ. निरंजन अग्रवाल, निवासी चिकित्सा अधिकारी डा. डी.बी. जायस्वाल, चिकित्सा अधिकारी डा. सलील पाटील, जिला कार्यक्रम व्यवस्थापक अर्चना वानखेड़े, जिला माध्यम व विस्तार अधिकारी विजय आखाड़े, प्रशांत खरात, डा. दर्शना नंदागवली, डा. प्रणित पाटील, डा. भुमेश्वर पटले, डा. सुरेंद्र खोब्रागड़े आदि उपस्थित थे।

# जिला परिषद शाला के विद्यार्थियों पर रहेगी सीसीटीवी की नजर

## > 240 स्कूल में लगेंगे कैमरे


**गोंदिया.**



राज्य के साथ ही गोंदिया जिले की शालाओं में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ गई है। जिसकी वजह से जिप शालाओं की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। शालाओं के अंदर एवं बाहर अनुचित घटनाओं को रोकने के लिए जिला परिषद अध्यक्ष पंकज रहांगडाले ने जिप शालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। जिले की 240 जिप शालाओं में इस निर्णय के तहत कैमरे लगाए जाएगे। जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों पर भी नजर रखी जाएगी। गौरतलब है कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर शाला परिसर में शैक्षणिक उपक्रमों पर वरिष्ठ स्तर से नियंत्रण के तौर पर कैमरों से समय पर उपाय योजना की जा सकेगी। जिले में शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए शिक्षकों पर अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रण रखने के लिए सीसीटीवी लगाना बेहद जरुरी है।जिले की किशोरावस्था की युवतियों की सुरक्षा संबंधी प्रतिबंधात्मक उपाय योजना के तौर पर जिले की सभी 8 तहसीलों की कुल 240 जिला परिषद शालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएगे। ऐसी जानकारी जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले ने दी है। उन्होंने बताया कि इस निर्णय पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश जिप प्रशासन को दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों के लगाए जाने से विद्यार्थियों, शिक्षकों के साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जा सकेगी।

# दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

## > दोनों की हालत चिंताजनक




**गोंदिया.** गोंदिया से गोरेगांव की ओर दुपहिया वाहन से जा रहे दो युवक बस को कट मार रहे थे। इसी बीच उनका वाहन चालक का वाहन से संतुलन छूट गया और डिवाइडर को टक्कर मार दी। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। यह घटना 28 नवंबर की सुबह 11.30 बजे के दौरान गोरेगांव मार्ग के हिरडा माली के पास घटित हुई। दोनों घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घायलों में गोंदिया के सिविल लाइन निवासी सौरभ गोपाल चव्हाण (25) और प्रतीक भागवत देवगड़े (22) बताया गया है।

इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार सौरभ चव्हाण और प्रतीक देवगड़े 28 नवंबर को सुबह 11.30 बजे के आसपास मोटरसाइकिल पर तेज गति से गोरेगांव की ओर जा रहे थे। उनकी दुपहिया के आगे एक एसटी बस जा रही थी। उस एसटी बस को ओवरटेक करते समय दुपहिया वाहन चालक ने एसटी को साइड से टक्कर मार दी। बाइक इतनी तेज रफ्तार में थी कि टक्कर के बाद बाइक आगे बढ़ने की बजाय पीछे की ओर मुड़ गई। इसके बाद यह बाइक डिवाइडर को टकरा गई। इसमें दोनों दुपहिया सवार युवक वाहन से नीचे गिर गए। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल शासकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

# प्लेटफार्म तोड़कर स्थानक में घुसी एसटी बस

**अकोला.** एसटी निगम के मध्यवर्ती बस स्टैंड पर सुबह के समय एक बस प्लेटफार्म तोड़कर डिपो में घुस गई। गनीमत रही कि इस समय कोई यात्री नहीं था और कोई जनहानि नहीं हुई। एक महीने में यह दूसरी ऐसी घटना है।सुबह-सुबह छत्रपति संभाजी नगर डिपो की बस अकोला से निकलने की तैयारी में थी। ड्राइवर गाड़ी को उचित स्थान पर लगाया। जब बस आगे-पीछे हो रही थी तो गलत अनुमान के कारण बस प्लेटफॉर्म तोड़ते हुए सीधे बस स्टेशन में घुस गयी।

# ठंड का असर बढ़ते ही बढे सब्जियों के दाम

**अमरावती.**



सितंबर में जिले में हुई भारी बारिश का असर खरीफ की फसलों और सब्जियों पर भी पड़ा। इससे सब्जी मंडी में सब्जियों की आवक कम हो गयी है। इसके चलते सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं।

पिछले सप्ताह से सब्जियों की कीमत में 20 से 30 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। सर्दियों में ठंडे मौसम के कारण सब्जियों की कटाई का समय बढ़ जाता है। सुबह की ओस फूल और कलियों के विकास को धीमा कर देती है। सर्दियों में फसलों पर कीटनाशकों का छिड़काव करने की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि ठंडा मौसम बीमारी और विकास को कम करता है।

मौसमी सब्जियों की अच्छी मांग है। मानसून के दौरान टमाटर के दाम नहीं बढ़ सके। लेकिन अब सब्जी बाजार में सब्जियों के दाम में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

# बकायेदार ग्राहकों के लिए अभय योजना का आज अंतिम दिन

## महावितरण कार्यालय और बिल भुगतान केंद्र आज खुले रहेंगे

**नागपुर.**

महावितरण की अभय योजना और लोक अदालत का अंतिम दिन शनिवार, 30 नवंबर होने के कारण, नागपुर मंडल के सभी महावितरण कार्यालय और बिजली बिल भुगतान केंद्र खुले रहेंगे। महावितरण ने यह जानकारी दी है।

नागपुर मंडल के ग्राहकों को अभय योजना का लाभ उठाने और बिजली बिल भुगतान करने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को छुट्टी के दिन भी कार्यालय और भुगतान केंद्र चालू रहेंगे। महावितरण ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अभय योजना में भाग लेकर अपने लंबित बिजली बिल का भुगतान करें ताकि बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी कठोर

महावितरण
अभय योजना-२०२४

कार्रवाई से बचा जा सके। इन केंद्रों पर ग्राहक नकद या चेक के माध्यम से बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा, महावितरण ने वेबसाइट, मोबाइल ऐप, पेमेंट वॉलेट और अन्य ऑनलाइन भुगतान विकल्प भी उपलब्ध कराए हैं, ताकि ग्राहक कहीं से भी और कभी भी भुगतान कर सकें।

**समय पर भुगतान पर छूट का लाभ**

ग्राहक यदि समय पर बिजली बिल का भुगतान करते हैं तो उन्हें "प्रॉम्प्ट पेमेंट" यानी तत्पर भुगतान पर 1% की छूट मिलती है। यदि यह भुगतान भीम ऐप, गूगल पे, पेटीएम या बैंक के ऐप के माध्यम से या महावितरण की वेबसाइट पर ऑनलाइन किया जाए, तो आधा प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलती है। इसके अलावा, यदि ग्राहक छपे हुए कागज के बिल के बजाय ईमेल के माध्यम से बिल प्राप्त करने का पर्यावरण अनुकूल विकल्प चुनते हैं, तो प्रत्येक बिल में ₹10 की छूट दी जाती है। नियमित और समय पर भुगतान न केवल ग्राहकों का समय और श्रम बचाता है, बल्कि बिल में छूट पाने का भी अवसर प्रदान करता है। भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 के तहत, बकायेदार ग्राहकों को डिजिटल माध्यम जैसे व्हाट्सएप, एसएमएस और ईमेल के माध्यम से नोटिस भेजकर बिजली आपूर्ति बाधित की जा सकती है। महावितरण ने अपील की है कि ग्राहक अपने बिजली बिल का समय पर भुगतान करके कठोर कार्रवाई से बचें।

### कौन उठा सकता है योजना का लाभ?

यह योजना उन घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक ग्राहकों के लिए है जिनकी बिजली आपूर्ति 31 मार्च 2024 तक लंबित बिलों के कारण स्थायी रूप से काट दी गई थी। हालांकि, इस योजना में कृषि ग्राहकों को शामिल नहीं किया गया है। योजना के तहत बकायेदार ग्राहकों को मूल बिल राशि पर लगे ब्याज और विलंब शुल्क में छूट दी जा रही है। ग्राहकों को मूल बिल राशि का 30% भुगतान करना होगा, जबकि शेष 70% राशि को छह किस्तों में भरने की सुविधा दी गई है। एकमुश्त भुगतान करने वाले लो टेंशन (LT) ग्राहकों को 10% और हाई टेंशन (HT) ग्राहकों को 5% की छूट दी जा रही है। चूंकि योजना की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2024 है, महावितरण ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने लंबित बिलों का भुगतान कर इस योजना का लाभ उठाएं।

### डिजिटल भुगतान पर विशेष छूट


प्रॉम्प्ट भुगतान परः समय पर बिल भरने पर 1% छूट। डिजिटल माध्यमों से भुगतान परः भीम ऐप, गूगल पे, पेटीएम या महावितरण वेबसाइट से भुगतान करने पर 0.5% अतिरिक्त छूट। गो ग्रीन विकल्पः ईमेल से बिल स्वीकारने पर हर बिल में 10 रुपये की छूट।

# मेयो अस्पताल में सुरक्षा बढ़ाई गई 41 और गार्ड तैनात

**नागपुर.** इंदिरा गांधी शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (मेयो) में डॉक्टरों और मरीजों की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए महाराष्ट्र सुरक्षा बल द्वारा 41 नए सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही अस्पताल में तैनात सुरक्षा गार्डों की कुल संख्या 99 से बढ़कर 140 हो जाएगी। मेयो प्रशासन ने इन नए गार्डों के वेतन के लिए 13 लाख 54 हजार रुपये की अग्रिम राशि मेस्को के खाते में जमा कर दी है। वर्तमान में मेयो अस्पताल के विभिन्न विभागों, परिसरों और प्रशासनिक भवनों में 99 सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। इसके अतिरिक्त, यूनिटी सिक्योरिटीज के 109 गार्ड भी अस्पताल में सुरक्षा ड्यूटी पर हैं। इन गार्डों के वेतन के लिए मेयो प्रशासन हर महीने दोनों सुरक्षा एजेंसियों पर 3 करोड़ 30 लाख रुपये से अधिक खर्च करता है। नए समझौते के अनुसार यह रकम हर महीने दोनों सुरक्षा एजेंसियों के खातों में समय-समय पर ट्रांसफर की जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि हर शिफ्ट में औसतन 30-35 गार्ड तैनात किए जाते हैं, लेकिन साप्ताहिक छुट्टियों और आपातकालीन छुट्टियों के कारण हर दिन 10-12 गार्ड अनुपस्थित रहते हैं, जिससे तैनात गार्डों की संख्या 20-22 ही रह जाती है।

# प्रतिबंधित नायलॉन मांजा घर पर छिपाकर रखा था

> पुलिस ने छापा मारकर माल किया जब्त



**नागपुर.** प्रतिबंधित नायलॉन मांजा विक्रेता के घर में पुलिस ने छापा मारा। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में प्रतिबंधित मांजा जब्त किया गया है। यशोधरा नगर थाने में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार की दोपहर उसे अदालत में पेश किया गया ।

मकर संक्राति के दौरान पतंगों की धूम रहती है। उसके लिए कई लोग नायलोन मांजा का इस्तमाल करते हैं। उसकी वजह से पूर्व में घटित प्रकरणों में कई लोगों को नायलॉन मांजे के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। कई लोग घायल भी हुए है। पशु पक्षी भी उसका शिकार होते रहते हैं। नायलोन मांजे का खूनी व रौद्र रुप सामने आने से प्रशासन ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया है। उसके बाद भी कई लोग चोरी-छिपे प्रतिबंधित मांजा की बिक्री करते हैं।

मकर संक्राति अभी आने को है फिर भी कई छोटे-बड़े व्यापारी अभी से इसे जमा करने में लगे हुए हैं। इस बीच यशोधरा नगर थाने के पुलिस दल को गश्ती के दौरान गुप्त जानकारी मिली थी कि अशरफ नगर में किराए से रहने वाला सगीर इसरार अंसारी (49) ने प्रतिबंधित नायलॉन मांजे का जखीरा जमा कर रखा है। इसकी गंभीरता से पुलिस ने मकान को घेर लिया और छापा मार कार्रवाई को अंजाम दिया । तलाशी के दौरान नायलॉन मांजे की 51 चक्रियां उससे बरामद की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 सह धारा 5,15 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी सगीर को गिरफ्तार किया गया है। उसने प्रतिबंधित माल कहां से खरीदी किया है इस बारे में उससे पूछताछ की जा रही है,लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा । इस बीच शुक्रवार की दोपहर आरोपी को अदालत में पेश किया गया ।

# गोंदिया परिमंडल के 1685 लाभार्थी विद्युत बिल बकाया से हुए मुक्त

> गोंदिया के 1 हजार 7 एवं भंडारा के 678 ग्राहकों का समावेश

**गोंदिया.**

महावितरण ने बिजली कनेक्शन स्थायी रूप से कटने वाले बकाया बिजली उपभोक्ताओं के लिए अभय योजना शुरू की है। इस योजना के अनुसार बकाया की राशि एकमुश्त भरे जाने पर बकाया का ब्याज एवं विलंब राशि माफ की जाती है। योजना के अंतर्गत गोंदिया परिमंडल के 1685 ग्राहकों ने 98.57 लाख रुपए भरकर बकाया से हमेशा के लिए मुक्ति पाई है। इसमें भंडारा के 678 ग्राहकों ने 33.11 लाख एवं गोंदिया के 1 हजार 7 ग्राहकों ने 65.46 लाख रुपए भरकर योजना का लाभ उठाया है।

बता दें कि 31 मार्च 2024 तक बकाया बिलों से स्थायी रूप से बिजली कनेक्शन खंडित होने वाले घरगुती, व्यवसाय व औद्योगिक ग्राहकों के लिए यह योजना है। बकाया बिलों की योजना में कृषि ग्राहकों का समावेश नहीं है। इस योजना में बिजली ग्राहकों को राहत देने के लिए बकाया बिलों की मूल राशि का ब्याज व विलंब राशि के जुर्माने को माफ किया जाता है। इस योजना में मूल बिल की 30 फीसदी राशि भरकर शेष 70 प्रतिशत राशि 6 किस्तों में भरने की छूट ग्राहकों को मिलती है। एकमुश्त बकाया बिल भरने वाले लघुदाब ग्राहकों को 10 एवं उच्च दाब ग्राहकों को 5 प्रतिशत छूट दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2024 तक होने से बकाया बिल भरकर योजना का लाभ लेने का आव्हान महावितरण की ओर से किया गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक ग्राहक www. mahadiscom.in/wss/wss इस वेबसाइट अथवा महावितरण के मोबाइल एप से संपर्क कर सकते हैं। उसी प्रकार ग्राहक 1912 अथवा 18002333435 अथवा 18002123435 टोल फ्री क्रमांक पर फोन कर योजना की अधिक जानकारी ले सकते हैं।



# फुले सामाजिक समानता के समर्थक थे

> पुण्यतिथि पर पदाधिकारियों ने कहा

**नागपुर.**

मरार (माली) समाज विकास संस्था नागपुर की ओर से रामनगर मरार टोली में महात्मा ज्योतिबा फुले की 134वीं पुण्यतिथि मनाई गई. संस्था उपाध्यक्ष अनिल बाहे के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में समाजबंधुओं ने ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए.

इस दौरान अपने संबोधन में समाजबंधुओं ने कहा कि महात्मा फुले नारी शिक्षा के प्रणेता और सामाजिक समानता के समर्थक थे. जिसने शिक्षा के माध्यम से समाज की अनेक विकृतियों के दूर करने का हर संभव प्रयास जीवनभर किया. कार्यक्रम में सेवानिवृत्त साइंटिस्ट आर.बी. सिंग़न धूपे, संस्था उपाध्यक्ष श्यामराव नागफासे, अनिल बाहे, सचिव लेखराम कावरे, कोषाध्यक्ष जयराज चौधरी व बंडू नागफासे,अजय शिंगरे, विनोद टिकरे, मोहित बाहे, अश्विन बाहे, इंदू बाहे, प्रतिभा माथरे, अलका बाहे, रजनी टिकरे, रंजू टिकरे, स्वाति खैरे, वर्षा बाहे, सावित्री बाहे की उपस्थिति रही.

# सरकार का इंतजार- चुनाव सहित अनेक योजनाएं अधर में लटकी हैं

**नागपुर.** विधानसभा का शीतकालीन अधिवेशन नागपुर में होगा। अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि यह अधिवेशन दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होगा। अधिवेशन दो सप्ताह का होगा या एक सप्ताह का, इस विषय को लेकर भी अनिश्चितता बनी है। फिलहाल यह माना जा रहा है कि सरकार इस अधिवेशन में कुछ योजनाओं के संबंध में निर्णय ले सकती है। चुनाव के समय किए गए घोषणाओं के संबंध में डेडलाइन दी जा सकती है। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण विषय मनपा चुनाव का है। चुनाव को लेकर सरकार कुछ संकेत दे सकती है।



फिलहाल राज्य में सरकार गठन की प्रक्रिया चल रही है। नए मुख्यमंत्री के शपथ-ग्रहण के बाद मंत्रिमंडल गठन का भी मुहूर्त निकलेगा। विधायक व मंत्री की शपथ के लिए मुंबई में विशेष अधिवेशन होगा। उसके बाद शीतकालीन अधिवेशन तय होगा। अधिवेशन की तैयारी के प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि दिसंबर के पहले सप्ताह में तैयारी पूरी कर ली जाए। लिहाजा माना जा रहा है कि 9 दिसंबर के बाद अधिवेशन होगा। दिसंबर में माह का अंत उत्सव भरा रहता है। क्रिसमस उत्सव के अलावा नववर्ष का स्वागत उत्सव मनाया जाता है। मुंबई व गोवा में उत्सव की अधिक धूम रहती है। ऐसे में यह भी माना जा रहा है कि 20-22 तारीख तक अधिवेशन पूरा कर लिया जाएगा। वैसे भी विपक्ष के पास विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं है। ऐसे में एक सप्ताह में ही अधिवेशन समाप्त किया जा सकता है।

बहुमत के मामले में सत्ता पक्ष काफी दमदार है। लिहाजा वह विपक्ष पर हावी रहेगा। चुनाव के समय विपक्ष के भाषणों में हमलों को सत्तापक्ष सदन में विपक्ष की किरकिरी का विषय बनाने का प्रयास करेगा। विधानमंडल के दोनों सदन में शिवसेना उद्धव व राकांपा शरद गुट को आड़े हाथ लिया जाएगा। लाभ और सम्मान की योजनाओं का जिक्र करते हुए सत्तापक्ष स्वयं ही कुछ नई घोषणाएं कर सकता है। विपक्ष के पास नेता प्रतिपक्ष पद के लिए संख्या बल नहीं होने का मामला भी कामकाज में राजनीतिक बहस का माध्यम बन सकता है। विधानसभा में विपक्ष पूरी तरह से बदला हुआ नजर आएगा। कांग्रेस के कई बड़े नेता पराजित हुए हैं। फिर भी विपक्ष तेवर दिखाएगा।



# इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

**सौंसर.**

अशासकीय शाला संघ, सौसर (रजिस्टर्ड संघ) के तत्वाधान में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन: 2024 (प्राइवेट स्कूल) तृतीय वर्ष का भव्य पुरस्कार वितरण एवं दिवाली मिलन समारोह 01 दिसंबर 2024 को किया जा रहा है इस स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन में कुल 15 स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया था.

इस स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन में खेलों में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बॅडमिंटन, निबंध, सामान्य ज्ञान, वाद-विवाद, रंगोली, दौड, चित्रकला, मेंढक दौड़, नींबू-चम्मच दौड, संस्कृत श्लोक, मंत्र, स्तोत्र कंठस्थ प्रस्तुतीकरण आदि खेलों में बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया था. यह प्रतियोगिता का समापन 20 नवंबर को हुआ. इस पुरस्कार वितरण में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी टीम को एवं विजेताओं को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे. अशासकीय शाला संघ के संरक्षक जयंत गुरु और नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रभाकर बंजारी, सचिव अनंत फसाटे ने कहा की संघ की ओर से प्रतिवर्ष खेलो, टीचर ट्रेनिंग, स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा ताकि स्कूल के बच्चो, पालकों, शिक्षक/शिक्षिका को इस का लाभ प्राप्त हो सके. इस स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन आयोजन के प्रभारी रवि कोठेकर ने जानकारी दी कि सभी विजेता टीम एवं छात्रों को दिसंबर में पुरस्कार दिए जाएंगे ताकि पुरस्कार पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे.

# स्मृति दिवस पर किया महात्मा ज्योतिबा फुले को याद

> संजय नगर में सुजाता महिला मंडल ने किया आयोजन



**सौंसर.** गुरुवार को सौसर नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र क्रांतिसूर्य ज्योतिबा फुले का स्मृति दिवस विविध संगठनों के द्वारा मनाया गया। नगर के वार्ड नं 15 संजय नगर प्रबुद्ध बुद्ध विहार में सुजाता महिला मंडल, बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर, भारतीय बौद्ध महासभा,के संयुक्त तत्वाधान में स्मृति दिवस का आयोजन करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रतिमा को अभिवादन किया गया। सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आयोजन में जिला भारतीय बौध्द महासभा अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, मुरलीधर कामले, भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश सचिव डॉ वाय एल ठवरे, मैं महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा गजभिये ने किया इस दौरान भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश सचिव दिलीप बागड़े विजय नागदवने, मिलीद बंसोड़, कैलास गजभिये, मुकेश बागड़े, सिद्धार्थ सोमकुंवर, चंदप्रभा ठवरे, अलका बागड़े, सरस्वती पाटिल, भारती बागड़े, प्रतिभा गजभिये, काचन चौरे, शिल्पा नागदवने आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।



# सरकारी स्कूल वाघोड़ा में एसडीएम का निरीक्षण

> शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**सौंसर.**

शासकीय प्राथमिक शाला वाघोड़ा में शुक्रवार को एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने आकस्मिक निरीक्षण किया और स्कूल में शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच की।निरीक्षण के दौरान देखा गया की कक्षा दूसरी के बच्चों को अंक ज्ञान, वर्ण ज्ञान तथा अंग्रेजी का अक्षर ज्ञान नहीं है। इस दौरान एसडीएम ने देखा की स्कूल में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने में सार्थक प्रयास नहीं हो रहा है । कक्षा शिक्षक की शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही एवं अरुचि दर्शाता है। शाला में कक्षा 1 और 2 के शिक्षक को निरीक्षण के दौरान शिक्षण गतिविधियों के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। एसडीएम ने कहा की प्रधान पाठक के द्वारा बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने में सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा है इसलिए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। एसडीएम के साथ विकासखंड स्रोत समन्वयक चैनसा यादव भी उपस्थित थे।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर विशेष अनारक्षित ट्रेनें

**नागपुर.** डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके अनुयायियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मध्य रेलवे ने नागपुर रेलवे स्टेशन से विशेष अनारक्षित ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 4, 5, 6, 7 और 8 दिसंबर को चलेंगी। 4 दिसंबर को ट्रेन संख्या 01262 नागपुर-सीएसएमटी, रात 11.55 बजे प्रस्थान, अगले दिन दोपहर 3.05 बजे मुंबई पहुंचेगी। 5 दिसंबर को ट्रेन संख्या 01264 नागपुर-सीएसएमटी, सुबह 8 बजे नागपुर से चलेगी और उसी दिन रात 11.45 बजे मुंबई पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01266 नागपुर-सीएसएमटी, दोपहर 3.50 बजे नागपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 10.55 बजे मुंबई पहुंचेगी। 6 दिसंबर को ट्रेन संख्या 01249 सीएसएमटी-नागपुर, शाम 4.55 बजे मुंबई से चलेगी और अगले दिन सुबह 10.05 बजे नागपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01251 सीएसएमटी-नागपुर, शाम 6.35 बजे मुंबई से प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 12.10 बजे नागपुर पहुंचेगी। 7 दिसंबर को ट्रेन संख्या 01253 दादर-नागपुर, रात 12.40 बजे दादर से प्रस्थान करेगी और शाम 4.10 बजे नागपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01255 सीएसएमटी-नागपुर, दोपहर 12.35 बजे मुंबई से चलेगी और अगले दिन सुबह 3 बजे नागपुर पहुंचेगी। 8 दिसंबर को ट्रेन संख्या 01257 सीएसएमटी-नागपुर, शाम 6.35 बजे मुंबई से प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 12.10 बजे नागपुर पहुंचेगी।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 570-2 | 800-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 378-8 | 489-1 |
| प्रभात | 278-7 | 467-7 |
| प्रभात नाईट | 900-9 | - |
| डायमंड | 157-3 | 357-5 |
| मेन बाजार | 168-5 | 257-4 |
| मिलन डे | 337-3 | 390-2 |
| मेन रतन | 447-5 | 300-3 |
| कल्याण | 589-2 | 260-8 |
| राजधानी डे | 679-2 | 590-4 |
| राजधानी नाईट | -- | -- |
| कुबेर डे | -- | -- |
| डायमंड नाईट | 157-3 | 360-9 |

# नई सरकार से निधि देने की उम्मीद

## तीन सालों से जिले में 600 करोड़ रुपए की निधि का भुगतान नहीं

**नागपुर.**

राज्य में विधानसभा चुनावों के पूरे हो जाने के बाद नई सरकार के गठन की हलचल चल रही है। तीनों दलों के बीच मुख्यमंत्री चयन का प्रयास हो रहा है। ऐसे में जिले के लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी नई सरकार से 600 करोड़ रुपए की बकाया राशि के भुगतान की उम्मीद लगाए बैठे हैं। पिछले तीन सालों में शहरी और ग्रामीण इलाके में रास्ते, जिला मार्ग, राज्य महामार्ग का सीमेंटीकरण किया गया है, लेकिन 600 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। साल 2021-22 में 250 करोड़ रुपए, साल 2022-23 में 170 करोड़ रुपए और साल 2023-24 में 100 करोड़ रुपए के कामों का भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे में जिले में चार विभागों को मुश्किल का



सामना करना पड़ रहा है। हैरानी यह है कि पिछले साल के विधानमंडल के शीतसत्र के 70 करोड़ रुपए समेत 250 करोड़ रुपए की इमारत देखभाल की राशि का भी भुगतान नहीं हुआ है।

प्रतिवर्ष सार्वजनिक निर्माणकार्य विभाग से जिले के लिए 600 करोड़ का बजट प्रावधान किया जाता है। इस बजट प्रावधान में जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाके के रास्तों, पुल का निर्माणकार्य प्रस्तावित किया जाता है। इस बजट के कामों को लेकर लगातार प्रक्रिया हो रही है, लेकिन बजट कामों में सीमेंट रास्तों के कामों के पूरा होने के बाद भी अब निधि के भुगतान को लेकर परेशानी बनी हुई है। पिछले तीन सालों से पर्याप्त निधि का आवंटन नहीं होने से लोकनिर्माण विभाग मुश्किलों से घिर गया है। लोकनिर्माण विभाग क्रमांक 1, लोकनिर्माण विभाग क्रमांक 2, लोकनिर्माण विभाग क्रमांक 3 के साथ ही विशेष प्रोजेक्ट विभाग की करीब 500 करोड़ रुपए की निधि का भुगतान अटका हुआ है। इन कामों के पूरा होने के बाद भी निधि नहीं मिलने से विभाग के आला अधिकारी खासे परेशान हो गए हैं। ठेकेदार और ठेका एजेसियों से भुगतान को लेकर तकादा करने से परेशानी बढ़ गई है। विधानसभा चुनावों से पहले सितंबर माह में 305 करोड़ रुपए के कामों के लिए टेंडर प्रक्रिया को पूरा किया गया है, लेकिन इन कामों के लिए भी अब तक रकम नहीं मिली है।

### विधानमंडल अधिवेशन की निधि भी अटकी

विधानमंडल के शीतकालीन अधिवेशन पर भी निधि के संकट के बादल मंडरा रहे है। दिसंबर 2023 में संपन्न अधिवेशन में लोकनिर्माण विभाग क्रमांक 1 को करीब 70 करोड़ रुपए का खर्च आया था। अधिवेशन के बाद प्रस्तावों के साथ निधि भुगतान की मांग भी राज्य सरकार से की गई, लेकिन अब तक रकम मुहैया नहीं हो पाई। करीब दो माह पहले विभाग के सचिव के साथ आनलाइन बैठक में इस साल के अधिवेशन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य अभियंता दिनेश नंदनवार, अधीक्षक अभियंता जनार्दन भानुसे और कार्यकारी अभियंता अभिजीत कुचेवार ने विधानमंडल अधिवेशन की रकम भुगतान करने की मांग की। इस मांग पर सचिव ने फटकार लगाते हुए खर्च पर कटौती करने का निर्देश दिया।

# सुराबर्डी तालाब का पानी इंसान ही नहीं जानवरों के भी पीने योग्य नहीं

**नागपुर.**



अमरावती मार्ग पर सुराबर्डी तालाब परिसर में किए गए अतिक्रमण और कार्रवाई में हो रहे भेदभाव पर मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ ने विदर्भ पाटबंधारे विकास महामंडल (वीआईडीसी) को कड़े शब्दों में फटकार लगाई। सर्वे क्रमांक 103 पर लीज पर दी गई जमीन का करार 2015 में खत्म होने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं की गई, इस पर वीआईडीसी के कार्यकारी संचालक को बुधवार तक जवाब दाखिल करने के आदेश दिए गए। नितिन शेंद्रे ने जनहित याचिका दायर की है। इस प्रकरण में गुरुवार को न्यायमूर्ति नितिन सांबरे और न्यायमूर्ति वृषाली जोशी के समक्ष सुनवाई हुई। याचिका अनुसार, अमरावती मार्ग पर सुराबर्डी तालाब के पानी के आसपास अतिक्रमण हो रहा है। इस तालाब का पानी प्रदूषित हुआ है और जानवरों को पीने के लिए योग्य नहीं है। फिर भी सुराबर्डी और आसपास के गांवों को इसी तालाब द्वारा जलापूर्ति होती है। यह तालाब 75.39 हेक्टेयर में फैला है। सुराबर्डी ग्राम पंचायत ने बिना अनुमति के तालाब के पास सीमेंट के दो ओटे बनाए हैं। यहां अंतिम संस्कार किया जाता है। इसके बाद राख तालाब में छोड़ी जाती है। गांव का गंदा पानी भी इसी तालाब में छोड़ा जाता है। इन सब कारणों से तालाब का पानी प्रदूषित हो गया है।

याचिका में कहा गया कि यह पानी सुराबर्डी गांव ही नहीं, बल्कि संपूर्ण शहर के लिए पीने योग्य नहीं है। इस पर न्यायालय ने वीआईडीसी सहित जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पंचायत समिति के पदाधिकारी और गट विकास अधिकारी को जवाब दाखिल करने के निर्देश थे, जिसके बाद यह खुलासा हुआ है। मामले में अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से एड. सुधीर मालोदे ने पक्ष रखा।